कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांक: DSW/
दिनांक: 13.12.2022

प्रेस विज्ञप्ति

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पंजीकृत एवं प्रवेश परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम की प्रथम वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) दिनांक: 14.12.2022 को प्रकाशित की जायेगी। प्रथम वरीयता सूची के आधार पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में दिनांक: 14.12.2022 एवं दिनांक: 16.12.2022 (दो कार्य दिवस) में प्रवेश किये जायेंगे दिनांक 15.12.2022 को दीक्षांत समारोह होने की वजह से अवकाश रहेगा। विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिनांक: 16.12.2022 तक समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों को सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सम्पुश्ट (कन्फर्म) सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है।

सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश लेने हेतु समस्त अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आई0डी से लॉगइन करके अपना पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर डाउनलोड करेंगे। पंजीकरण फॉर्म एवं ऑफर लेटर के साथ अपने शैक्षिक प्रमाण, आरक्षण समबन्धी प्रमाण, मूल निवास, आधार आदि समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करते हुए मूल प्रमाण पत्रों के साथ सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश हेतु सम्पर्क करें।

प्रथम वरीयता पर अंकित महाविद्यालय /संस्थान आवंटित होने पर यदि अभ्यर्थी प्रवेश लेने में असमर्थ रहता है, तो ऐसे अभ्यर्थी का अन्य किसी वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) में नाम सम्मिलित नहीं किया जाएगा। ऐसे अभ्यर्थी अन्तिम अवसर के दौरान ओपन मेरिट के आधार पर ही प्रवेश के लिए प्रयास कर सकते हैं।

संकायाध्यक्ष विधि

छात्र कल्याण अधिष्ठाता